Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to extend benefits of Ayushman Bharat Yojana to more categories of people -laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खडसे (रावेर) : जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना ग्रास रूट लेवल के करीब 5 करोड़ परिवार के लिए मेडिकल की एक ऐसी सुविधा है जिसके चलते मेरे निर्वाचन क्षेत्र में अभी तक 4.5 लाख से भी ज्यादा मरीजों को लाभ हुआ है । यह योजना अभी येलो कार्ड धारक परिवार के किसी भी सदस्य को उपयुक्त है । महाराष्ट्र राज्य में महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना 1 अप्रैल, 2017 से कार्यान्वित की गई जिसका लाभ आज महाराष्ट्र की जनता को मिल रहा है । इस योजना के तहत सभी वर्ग के येलो तथा सैफरन कार्ड धारक को इसका लाभ मिल रहा है । आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत येलो कार्ड परिवार सदस्य ही अभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं, मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस योजना का दायरा बढ़ाया जाए जैसे कि महाराष्ट्र राज्य में यह योजना येलो तथा सैफरन कार्ड धारक परिवार के सदस्य के लिए कार्यान्वित हुई है इसी तरह केन्द्र सरकार की जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा परिवार ले सकते हैं और परिणामस्वरूप यह देश को सशक्त व आरोग्य सम्पन भारत बनाने के लिए होगा । इस योजना के दायरे में हॉस्पिटल को सरकार से प्राप्त होने वाली राशि आजकल के मेडीकल ट्रीटमेंट व सुविधाओं से अत्यंत कम होने के कारण बहुत से प्राइवेट स्पेशल मेडिकल ट्रीटमेंट से सामान्य व गरीब जनता वंचित रहती है इसलिए इस राशि को पर्याप्त मात्रा में हास्पिटल को देने व ऐसे ज्यादा से ज्यादा मेडिकल ट्रीटमेंट प्राइवेट हॉस्पिटल को संलग्न करने से गरीब मरीजों को इसका फायदा मिलेगा इस दिशा में कोशिश करने का अनुरोध भी मैं सरकार से करती हूं ।